# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (31.12.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:31.12.2024, PAGE-06**

### स्नातक और पीजी में दाखिले को लेकर इस सत्र से नई व्यवस्था

# कॉलेज चुनने को छात्रों की होगी काउंसिलिंग

**बीआरएबीयू**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में स्नातक और पीजी में कॉलेज चुनने के लिए छात्रों की काउंसिलिंग कराई जायेगी। विवि प्रशासन इसकी तैयारी कर रहा है। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि कई छात्र दूसरे जिले के होते हैं, लेकिन कॉलेज मुजफ्फरपुर में चुन लेते हैं। कॉलेज दूर होने से वह नियमित कक्षा नहीं कर पाते हैं। काउंसिलिंग में छात्रों को बताया जायेगा कि उनके लिए कौन-सा कॉलेज चुनना बेहतर होगा। विवि में पहलीबार छात्रों को कॉलेज चुनने में मदद के लिए काउंसिलिंग कराई जा रही है। बिहार विवि में हर साल स्नातक में डेढ़ लाख और पीजी में सात हजार छात्र दाखिला लेते हैं।

**डीयू में है ऐसी व्यवस्था:** दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिले से पहले कॉलेज चुनने के लिए छात्रों की काउंसिलिंग की जाती है। डीयू के बाद बीआरएबीयू में यह सुविधा छात्रों के लिए शुरू हो रही है। विवि प्रशासन का कहना है कि इससे छात्रों को काफी सहूलियत होगी। कई छात्र को पता नहीं रहता कि कौन कॉलेज उनके लिए बेहतर होगा। जानकारी नहीं होने से छात्र ऐसा कॉलेज चुन लेते हैं, जहां कक्षा करने नियमित नहीं जा पाते हैं।

**आवेदन के बाद होगी छात्रों की काउंसिलिंग:** छात्रों की काउंसिलिंग उनके आवेदन के बाद की जायेगी। देखा जायेगा कि किस जिले के छात्र कौन सा कॉलेज चुन रहे हैं। अगर बेतिया के छात्र मुजफ्फरपुर और हाजीपुर के कॉलेजों को चुन रहे हैं तो काउंसिलिंग में छात्रों को बताया जायेगा कि उनके लिए बेतिया और मोतिहारी का कॉलेज सहूलियत भरा होगा। नजदीक के कॉलेज में वह 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरी कर सकेंगे।



- छात्रों को बताया जाएगा कौन कॉलेज उनके लिए फायदेमंद
- विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से की जा रही तैयारी

### छात्रों को एसएमएस से भेजी जायेगी जानकारी

मेरिट लिस्ट में चयन के बाद छात्रों को एसएमएस से जानकारी भेजी जायेगी। आवेदन के समय छात्रों का मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी लिया जाएगा। उसी पर उन्हें विवि की तरफ से सारी जानकारी दी जायेगी। डीएसडब्ल्यू का कहना कि आवेदन करते समय छात्र सही मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी दें। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अभी पीजी सत्र 2024-26 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 31.12.2024, PAGE-06

# हेमचन्द्र यादव यूनिवर्सिटी की टीम ईस्ट जोन बास्केटबॉल चैम्पियन

मुजफ्फरपुर, खेल संवाददाता। हेमचन्द्र यादव यूनिवर्सिटी, दुर्ग की टीम ने ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्टकेबॉल चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया। एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, मुजफ्फरपुर के बास्केटबॉल कोर्ट पर सोमवार को खेले गये लीग के छठे व अंतिम मुकाबले में हेमचन्द्र यादव यूनिवर्सिटी ने उत्कल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर को 73-30 अंकों से हराया। हेमचन्द्र यादव यूनिवर्सिटी की टीम लीग में तीनों मैच जीतकर शीर्ष पर रही।

दूसरे स्थान पर पिछले साल की विजेता यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता की टीम रही। यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता ने लीग में दो मुकाबले जीते। पिछले साल की उपविजेता रही बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी की टीम तीसरे स्थान पर रही। बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी की टीम भी लीग में दो मैच ही जीत पायी। उत्कल यूनिसवर्सिटी की टीम एक मैच जीती। उसे चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। हेमचन्द्र यादव यूनिवर्सिटी की अटैकर डी. अनुष्का को बेस्ट स्कोरर और इसी यूनिवर्सिटी की डी.के. कृति को बेस्ट शूटर का अवॉर्ड दिया गया। लीग के पांचवें मैच में यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता और बीएचयू की टीमें आमने-सामने थी। पहले क्वार्टर में दोनों ही टीमें 11-11 अंकों से बराबरी पर रही। दूसरे क्वार्टर में कोलकाता की टीम 26-23 व तीसरे क्वार्टर में 44-31 अंकों से बढ़त बनाये हुए थी। अंतिम क्वार्टर मैच कोलकाता के पक्ष में ही रहा। दुर्ग की टीम ने पहला क्वार्टर 23-5, दूसरा क्वार्टर 40-14, तीसरा क्वार्टर 67-23 और चौथा क्वार्टर 73-30 अंकों से जीता।




भगवानपुर स्थित एलएन मिश्रा कॉलेज कैंपस में जश्न मनाती बास्केटबॉल चैम्पियन बनी हेमचंद्र यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग की टीम।

### गांवों में खेल प्रतिभा को बढ़ावा : खेल मंत्री

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता विजेता व उप विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान किया। कहा गांवों में खेल प्रतिभाओ को आगे लाना सरकार की प्राथमिकता है। समारोह की अध्यक्षता बीआरएबीयू के कुलपति डॉ. दिनेश चन्द्र राय ने की।

### पटना आएं और अपनी बातें रखें : मंत्री

पं. नेहरू स्टेडियम में बिहार बालक हॉकी सेंटर को बंद कर खिलाड़ियों को राजगीर शिफ्ट किये जाने पर हॉकी मुजफ्फरपुर के सचिव असगर हुसैन ने खेल मंत्री से मुलाकात कर अपनी बात रखी। मंत्री ने कहा कि इसकी जानकारी नहीं है। आपलोग पटना आकर अपनी बातें रखें।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:31.12.2024, PAGE-04

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम बनी महिला बास्केटबाल की चैंपियन

### ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही कलकत्ता यूनिवर्सिटी तो बीएचयू को मिला तीसरा स्थान

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, छत्तीसगढ़ की टीम ने ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। सोमवार को खेले गए लीग के छठे मैच में टीम ने उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर को एतरफा मुकाबले में 73-30 से हरा दिया। पूरे टूर्नामेंट में यह टीम अजेय रही। वहीं कलकत्ता विश्वविद्यालय की टीम प्रतियोगिता में उपविजेता रही। वहीं बीएचयू की टीम को तीसरा स्थान मिला। लीग के पांचवें मैच में कलकत्ता विश्वविद्यालय ने रोमांचक मुकाबले में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय को 57-48 से हराकर उप विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ की डी. अनुषा को प्रतियोगिता का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर) चुना गया। वहीं इसी टीम की डी. कीर्ति को बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार मिला। एलएन मिश्रा कालेज आफ बिजनेस मैनेजमेंट में आखिरी दिन केवल दो लीग मैच खेले गए। प्रतियोगिता के आधार पर चार विश्वविद्यालयों की टीम आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल टूर्नामेंट में पहुंची। इसमें हेमचंद विश्वविद्यालय, कलकत्ता विश्वविद्यालय, बीएचयू और उत्कल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर है। विजेता टीम को बिहार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता और बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने ट्राफी प्रदान की। वहीं अतिथियों ने खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। कार्यक्रम में मंच संचालन पूर्व आइएएस डा. संजय सिन्हा ने किया। पूरे टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स काउंसिल के यूट्यूब पेज से भी किया गया।

- डी. कीर्ति बेस्ट स्कोरर तो डी. अनुषा को मिला मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर का अवार्ड
- चार टीम ने आल इंडिया महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई



चैंपियन हेमचंद विश्वविद्यालय की टीम • जागरण

**हर पंचायत में खेल क्लब व मैदान का हो रहा निर्माण :** इस अवसर पर मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि राज्य की हर पंचायत में खेल क्लब और मैदान का निर्माण किया जा रहा है। वहीं बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि ईस्ट जोन टूर्नामेंट की मेजबानी काश्रेय स्पोर्ट्स एडवाइजर डा. संजय सिन्हा, स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डा. कांतेश कुमार और विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और एलएन मिश्र कालेज आफ बिजनेस मैनेजमेंट को है। निवर्तमान आरक्षी अधीक्षक विक्रम सिहाग ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा ने कहा कि बिहार ज्ञान और विज्ञान की धरती पहले ही रही है। अब यह खेल की धरती बनने की ओर भी बढ़ चुकी है। 22 विश्वविद्यालयों की बेटियों की मेजबानी का मौका विश्वविद्यालय को मिला है। यह विदाई का क्षण है।

**इंटरनेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलेगी विश्वविद्यालय की टीम**

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की टीम अब इंटरनेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में शामिल होगी। 20 जनवरी से टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का नाम इंटरनेशनल इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट है। इसके लिए विश्वविद्यालय से संपर्क स्थापित किया गया है। विश्वविद्यालय ने इसमें अपनी टीम भेजने की घोषणा की है। इंटर कालेज क्रिकेट टूर्नामेंट के आधार पर गठित विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम इसमें हिस्सा लेगी। इसकी घोषणा बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने की।

## दो बहनों की जोड़ी ने एचवाईयू को दिलाई खिताब

प्रशांत कुमार • जागरण

मुजफ्फरपुर : टीम गेम में जोड़ियों का विशेष महत्व है। मगर यही जोड़ी दो बहनों की हो तो, बात अलग हो जाती है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय (एचवाईयू) दुर्ग छत्तीसगढ़ की टीम को दो बहनों की जोड़ी ने ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का चैंपियन बना दिया। ये दो बहने हैं डी. अनुषा और डी. कीर्ति। दोनों की बेहतर सूझबूझ, चपलता, फिटनेस और रणनीति के बल पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए चैंपियन बनी। इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने ही टूर्नामेंट में इस टीम को बाकियों से बीस साबित किया। टीम ने अपने ज्यादातर मुकाबलों में एकतरफा जीत हासिल की। इसमें दोनों बहन का योगदान सबसे अधिक था। बाकी टीमों के पास इन दोनों की रणनीति का कोई जवाब नहीं था। डी. कीर्ति ने टूर्नामेंट में अपनी टीम के लिए 119 स्कोर बनाए तो वी अनीषा ने 90 स्कोर किया। डी. कीर्ति बड़ी बहन है। उसे अंतरराष्ट्रीय मैचों के खेलने का भी अनुभव है। डी. कीर्ति ने 2022 में आयोजित अंडर - 18 वीमेंस एशियन चैंपियनशिप में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व किया है। उसकी उम्र अभी 20 वर्ष की है। वहीं छोटी बहन डी. अनुषा अभी 19 वर्ष की है। वह अपनी बड़ी बहन की तरह ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता पानी चाहती है। इसके लिए वह कठिन अभ्यास भी करती है। अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव होने के कारण बड़ी बहन अनीषा को कई मौके पर टिप्स देकर उसे बेहतर खेलने के लिए प्रेरित करती है। अनीषा ने बताया कि वह छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई सेक्टर टू की रहने वाली है। अपनी बहन को अपना रोल माडल मानती है। साथ ही वह टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करना चाहती है। प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने नाकआउट से लेकर लीग को मिलाकर कुल छह मैच खेलें। सभी में टीम को जीत मिली। पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम बैकफुट पर नहीं दिखी।


डी. अनुषा और डी. कीर्ति • सौ. स्वयं

**विश्वविद्यालय एक सप्ताह की कोचिंग से बना चैंपियन**

टीम को चैंपियन बनाने में पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी और कोच कविता ने भी अहम भूमिका निभाई है। ईस्ट जोन टूर्नामेंट की शुरुआत से सात दिन पहले से ही उन्होंने टीम को कोचिंग देना शुरू किया था। टीम के खिलाड़ी राजेश पटेल एकेडमी में भी ट्रेनिंग करते हैं। कविता भी बास्केटबाल में टीम इंडिया की कप्तान रह चुकी है। वे भी छत्तीसगढ़ की भिलाई की रहने वाली कविता ने 2014 में एशियन वीमेंस बास्केटबाल प्रतियोगिता में शिरकत की थी। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 24 वर्ष खेलने का अनुभव है।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE :31.12.2024, PAGE-04

# स्नातक पास 60 हजार छात्र देख सकेंगे डिजिलाकर पर सर्टिफिकेट

- सत्र 2020-23 में उत्तीर्ण छात्रों का रिकार्ड किया गया अपलोड
- इसके बाद पीजी के तीन सत्रों का भी रिकार्ड अपडेट करने की तैयारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सत्र 2020-23 में स्नातक उत्तीर्ण करीब 60 हजार छात्रों का अंकपत्र और सर्टिफिकेट करीब एक सप्ताह में डिजिलाकर पर दिखेगा। विश्वविद्यालय के स्तर से छात्र-छात्राओं का डाटा अपलोड करा दिया गया है। इसके बाद छात्र-छात्राएं अपने यूजर आइडी से अपना एकाउंट खोलकर इसे देख सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से तेजी से कार्य हो रहा है। पहले चरण में तीन वर्षीय स्नातक के सत्र 2020-23 के विद्यार्थियों का डाटा अपलोड किया गया है। इसके बाद पीजी के तीन सत्रों का डाटा अपलोड किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जनवरी में पूरी की जानी है। स्नातक के सत्र 2021-24 के तहत जारी परिणाम का पूरा डाटा फाइनल रिजल्ट जारी होने के बाद ही अपलोड किया जा सकेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:31.12.2024, PAGE-04**

## दूसरे स्थान पर कोलकाता विश्वविद्यालय, तीसरे स्थान पर बीएचयू

# इंटर विवि यूनिवर्सिटी वुमेंस बास्केटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम विजयी




ट्रॉफी के साथ विजेता हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की टीम .



डी कृति को पुरस्कार देते खेल मंत्री .

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के तत्वावधान में एलएन मिश्रा कॉलेज कैंपस में आयोजित पांच दिवसीय ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वूमेंस बास्केट बॉल चैंपियनशिप में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ की टीम शानदार प्रदर्शन के साथ विजेता बनी. इस पूरे प्रतियोगिता में वह टीम अपराजित रहने का प्रदर्शन करते हुए, टीम ने कौशल और रणनीति के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ साथ टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज की और पूरे अंक प्राप्त कर ईस्ट जोन बास्केटबॉल विमेंस इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप 2024 का खिताब अपने नाम किया. लीग चरण के अंतिम दिन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने एकतरफा मुकाबले में उत्कल विश्वविद्यालय को निर्णायक रूप से हराया. 70 अंकों के अंतर से 30 अंकों से जीत हासिल की. जैसा कि अपेक्षित था, इस जीत ने उन्हें टूर्नामेंट के निर्विवाद चैंपियन के रूप में स्थान दिलाया. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की डी. अनुशा को चैंपियनशिप की सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (मोस्ट वैल्युबल प्लेयर) घोषित किया गया, जबकि डी. कृति को सर्वश्रेष्ठ स्कोरर (बेस्ट स्कोरर) का खिताब प्रदान किया गया. वहीं, रनर-अप का खिताब कोलकाता विश्वविद्यालय ने अपने नाम किया. कोलकाता विश्वविद्यालय ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के साथ रोमांचक मुकाबले के बाद दूसरा स्थान प्राप्त किया. रोमांचक मुकाबले में कोलकाता यूनिवर्सिटी ने 57 से 48 के स्कोर के साथ बीएचयू को पछाड़ दिया. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि उत्कल विश्वविद्यालय चौथे स्थान पर रहा. प्रतियोगिता में विजेता और उप विजेता टीम को खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, बिहार विवि के कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय, अतिथि सिटी एसपी विक्रम सिहाग ने पदक व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया.

मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि खेल हमलोगों को प्रेम, सदभाव व भाईचारा सिखाता है. बिहार में खेल में काफी सुधार हुआ है, बिहार सरकार इस क्षेत्र में बेहतर कर रही है. वहीं पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा खेलो इंडिया की शुरुआत की गयी. आने वाले समय में बिहार के खिलाड़ी और आगे बढ़ेंगे. सिटी एसपी विक्रम सिहाग ने सभी खिलाड़ियों से कहा कि वह जिस टीम भावना से खेल रहे है, इस टीम भावना को वह अपने अंदर पूरे जीवन में बनाये रखें और खेल के चरम पर पहुंचने का प्रयास करते रहें. खेल उनके फिजिकल फिटनेस को भी बेहतर बनाये रखता है.

वीसी डॉ दिनेश चंद्र राय ने कहा कि 17 साल बाद बिहार विवि टीम को इस बड़े आयोजन की मेजबानी मिली, इसमें सभी का पूरा सहयोग रहा. विशेष रूप से रिटायर्ड आइएएस संजय सिन्हा और विवि क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ कांतेश कुमार का बहुत बड़ा योगदान रहा. संजय सिन्हा ने कहा कि चारों टीम जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में कुरुक्षेत्र में आयोजित ऑल इंडिया इंटर विवि चैंपियनशिप में पूर्वी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगी. मौके पर बिहार विवि की कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा, आरडीएस कॉलेज की प्राचार्य डॉ अनीता सिंह, प्राचार्य डॉ अमिता शर्मा और विवि क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ कांतेश कुमार, विवि के खेल सलाहकार डॉ संजय सिन्हा, डॉ केएस शेखर, डॉ मनीष कुमार, डॉ राजीव कुमार, डॉ रेणुबाला, डॉ नीलिमा झा, डॉ सतीश कुमार, अखिलेश कुमार मणि समेत अन्य अतिथि उपस्थित थे.

### अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी डी. कृति बेस्ट स्कोरर, किये 119 गोल

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की डी कृति को इस प्रतियोगिता मे बेस्ट स्कोरर का खिताब दिया गया. जिसने इस प्रतियोगिता मे कुल 119 गोल किये. वह इंटरनेशनल बास्केटबॉल खिलाड़ी है. 2011 से खेल रही है, पहला नेशनल 2016 में पहला जूनियर नेशनल, 2017 - 2018 मे नेशनल खेली. इसके बाद कोविड आ गया, कोविड के बाद 2019 मे यूथ नेशनल, 2022 मे जूनियर नेशनल मे ब्रॉंज मेडल, 2023 मे जूनियर नेशनल सिल्वर मेडल बैंगलोर मे जीता. 2022 के बाद इंडिया टीम मे चयन किया गया. इस टीम की कोच डी कविता ने बताया कि उनकी टीम सभी नेशनल प्लेयर है और एक इंटरनेशनल प्लेयर डी कृति है. सभी प्लेयर को इन्होंने अनुशासित रहते हुए अपने शानदार खेल के प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती रही और इसका नतीजा सबके सामने बेहतर रहा.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:31.12.2024**
**PAGE-04**

# बीबीए व बीसीए कोर्स के लिए दो फरवरी तक विलंब शुल्क के साथ होगा आवेदन

**मुजफ्फरपुर.** एआइसीटीइ से बीबीए व बीसीए कोर्स की मान्यता के लिए कॉलेजों को 18 जनवरी से 2 फरवरी तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन करना होगा. शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. नवंबर में एआइसीटीइ की ओर से आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया था. इस दौरान कई कॉलेजों ने आवेदन कर दिया था, जो कॉलेज अब तक आवेदन नहीं कर सके हैं, उन्हें विलंब शुल्क के साथ आवेदन का मौका दिया गया है. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के दो दर्जन से अधिक अंगीभूत कॉलेजों में बीबीए और बीसीए की पढ़ाई होती है. सरकार ने इसी साल से दोनों कोर्स के लिए सरकार की मान्यता के साथ ही एआइसीटीइ की मंजूरी भी अनिवार्य कर दी है. सत्र 2024-25 से ही इसे लागू किया गया है. पहले सत्र में विलंब होने के कारण एआइसीटीइ की ओर से सशर्त मंजूरी दी गई थी. बताया जा रहा है कि अगले सत्र की मंजूरी से पहले एआइसीटीइ की टीम कॉलेजों का भौतिक सत्यापन करेगी. कोर्स संचालन के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर व फैकल्टी होने की स्थिति में ही नामांकन की अनुमति मिलेगी.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 31.12.2024, PAGE-02**

## हेमचंद यादव विवि ने अजेय रहकर जीता ईस्ट जोन महिला बास्केटबॉल का खिताब

**समापन :** कोलकाता विश्वविद्यालय को दूसरा और बीएचयू को मिला तीसरा स्थान, डी. अनुषा को मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर और डी. कीर्ति को बेस्ट स्कोरर के पुरस्कार से नवाजा गया

एजुकेशन रिपोर्टर| मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की मेजबानी में आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2024 के खिताब पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, छत्तीसगढ़ की टीम ने कब्जा जमाया। छत्तीसगढ़ की टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। कोलकाता विश्वविद्यालय की टीम प्रतियोगिता में उप विजेता रही, जबकि बीएचयू की टीम को तीसरा स्थान मिला। एलएन मिश्र कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में सभी इवेंट्स कराए गए। सोमवार को आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता और कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। अन्य अतिथियों ने उप विजेता टीम सहित खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता का आयोजन 26 दिसंबर से किया गया था। सेमीफाइनल में 4 टीमें पहुंचीं। रविवार को 4 लीग मैच हुए, जबकि अंतिम दिन सोमवार को दो मैच खेले गए। लीग के पांचवें मैच में कोलकाता विश्वविद्यालय ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय को 57-48 से हराकर उप विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, लीग के छठे मैच में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर को एकतरफा मुकाबले में 73-30 से हरा दिया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की डी. अनुषा को प्रतियोगिता का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर) चुना गया, जबकि इसी टीम की डी. कीर्ति को बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार मिला।

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में पहुंचीं चार टीमें

ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के आधार पर चार विश्वविद्यालयों की टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल टूर्नामेंट में पहुंच गई हैं। इसमें हेमचंद विश्वविद्यालय, कोलकाता विश्वविद्यालय, बीएचयू और उत्कल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर है। ये चार टीमें अपने प्रदर्शन के आधार पर सेमीफाइनल तक पहुंची थीं। प्रतियोगिता में कुल 22 विश्वविद्यालयों की टीम ने हिस्सा लिया था, जिनके बीच पांच दिनों में कुल 24 मैच खेले गए। हालांकि, बिहार से मेजबान बीआरएबीयू के साथ ही पटना विश्वविद्यालय की टीम ही प्रतियोगिता में शामिल हुई थी। शुरुआती दौर में ही दोनों टीमें बाहर हो गईं।




### 17 साल बाद विवि की मेजबानी में हुई इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता

बिहार विवि को 17 साल बाद ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता की मेजबानी मिली थी। कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा ने पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान इसका जिक्र भी किया। समापन समारोह में विवि के अधिकारियों के साथ अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्य, तकनीकी स्टाफ समेत अन्य उपस्थित थे। संचालन पूर्व आईएएस व विवि के खेल परामर्शी डॉ. संजय सिन्हा ने किया।

### अब गांव की ओर बढ़ चला है खेल सरकार दे रहीं सुविधाएं : मंत्री

पुरस्कार वितरण समारोह में खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि बिहार के लिए खेलें, देश के लिए खेलें। खेल मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फैसला किया था कि खेलों को गांव की तरफ ले जाया जाएगा। अब खेल गांव की ओर बढ़ चला है। राज्य की हर पंचायत में खेल क्लब और मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल बिहार में प्रगति की तरफ है। पीएम नरेंद्र मोदी की पहल पर खेलो इंडिया के तहत खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम कमा रहे हैं। कुलपति प्रो. डीसी राय ने सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार जताया। उन्होंने इसका श्रेय स्पोर्ट्स एडवाइजर डॉ. संजय सिन्हा, स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ. कांतेश कुमार और विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और एलएन मिश्र कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट को दिया। आरक्षी अधीक्षक विक्रम सिहाग ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार डॉ. अपराजिता कृष्णा ने किया।

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 31.12.2024, PAGE-02**

## स्नातक उत्तीर्ण 60 हजार छात्र डिजी लॉकर पर देख सकेंगे मार्कशीट और सर्टिफिकेट

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विवि के सत्र 2020-23 में स्नातक उत्तीर्ण छात्र अब डिजी लॉकर पर मार्कशीट व सर्टिफिकेट देख सकेंगे। विवि स्तर से करीब 60 हजार छात्र-छात्राओं का डाटा अपलोड करा दिया गया है। अभी प्रक्रिया चल रही है। अगले सप्ताह से छात्र-छात्राएं अपने यूजर आईडी से अपना एकाउंट खोलकर अपना डॉक्यूमेंट्स देख सकेंगे। पहले चरण में तीन वर्षीय स्नातक के सत्र 2020-23 के छात्रों का डाटा अपलोड किया गया है। इसके बाद पीजी के तीन सत्रों का डाटा अपलोड किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जनवरी में पूरी की जानी है। वहीं, स्नातक के सत्र 2021-24 के छात्रों की मार्कशीट फाइनल रिजल्ट जारी होने के बाद ही अपलोड की जा सकेगी।

VISHWA GURU BHARAT, MUZAFFARPUR
DATE:31.12.2024, PAGE-02


# कलकत्ता विश्वविद्यालय ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय को लीग मैच 5 में 57-48 से हराया






**कोमल शाही (विश्व गुरु भारत)**

मुजफ्फरपुर। लीग मैच 6 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने उत्कल विश्वविद्यालय को 73-30 से पराजित किया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ की डी. अनुशा को चैंपियनशिप की सबसे मूल्यवान खिलाड़ी घोषित किया गया, जबकि डी. कृति को सर्वश्रेष्ठ स्कोरर का खिताब प्रदान किया गया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज की और पूरे अंक प्राप्त कर ईस्ट जोन बास्केटबॉल विमेंस इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप 2024 का खिताब अपने नाम किया। वहीं, रनर-अप का खिताब कलकत्ता विश्वविद्यालय ने अपने नाम किया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि उत्कल विश्वविद्यालय चौथे स्थान पर रहा।